卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 328 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦5 सितम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## उपचुनाव के लिए शांतिपूर्ण मतदान



बागेश्वर(उद संवाददाता)। विधानसभा उपचुनाव के लिए मंगलवार को शांतिपूर्ण मतदान हुआ। चुनाव में भाजपा और कांग्रेस कांटे का मुकाबला माना जा रहा है। चुनाव मैदान में उत्तराखंड क्रांति दल, समाजवादी पार्टी और उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रत्याशी भी हैं। विधानसभा क्षेत्र में कुल 1,17,973 मतदाता है। मतदान सुबह सात शुरू हुआ। दिन चढ़ने के साथ ही मतदान को लेकर लोगों में उत्साह दिखाई दिया। पहली बार वोट डालने पहुंचे युवाओं में भी खासा उत्साह दिखा। रातभर हुई बारिश के चलते सुबह कम संख्या में लोग पोलिंग बूथ पहुंचे। मौसम खुलने के साथ ही धीरे-धीरे मतदान केंद्रों में भीड़ जुटने लगी। इस बीच जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बागेश्वर में मतदान किया। वहीं, कुमाऊं मंडल आयुक्त दीपक रावत एवं आईजी ने निर्वाचन कंट्रोल (शेष पृष्ठ सात पर)

## लूट के इरादे से पर्यटक पर चाकू से हमला, गंभीर

देहरादून (उद संवाददाता)। मसूरी में दिल्ली के पर्यटक पर अज्ञात लोगों ने चाकू से हमला कर लूट की वारदात को अंजाम देने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि दिल्ली से आए 44 वर्षीय पर्यटक जॉनी पुत्र कलमकोटी मसूरी गांधी चौक से लाइब्रेरी बस स्टैंड पर घूमने के लिए निकले थे कि कुछ दूर पैदल चलने के बाद सड़क पर अंधेरा होने के कारण वह वापस होटल की ओर लौटने लगे। कुछ दूरी चलें थे कि तभी पीछे से कुछ अज्ञात लोगों ने लूट की कोशिश कर उनकी जेब पर हाथ डाला। जिस पर उनको रोकने की कोशिश में अज्ञात लोगों ने चाकू से पहले हाथ पर वार किया और फिर उनके गले पर वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। अज्ञात लोगों ने उनको सड़क किनारे खाई में फेंकने की कोशिश की, परंतु आगे से गाड़ी आने की वजह से भाग खड़े हुए। मसूरी पुलिस को सूचना दी गई घटना की सूचना मिलते ही मसूरी पुलिस मौके पर पहुंची और अपने सरकारी वाहन में घायल जॉनी को लेकर मसूरी उप जिला चिकित्सालय पहुंची। घटना की सूचना मिलते ही मसूरी कोतवाल शंकर सिंह बिष्ट भी मौके पर पहुंचे और घटना की जांच पर जुट गए। गंभीर रूप से घायल जॉनी ने बताया कि वह अपने (शेष पृष्ठ सात पर)

## खुद को रिश्तेदार बताकर शातिर ने ठग लिये चार लाख

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन पर खुद को बुआ का लड़का बताकर खाताधारक से 4 लाख रूपये ठग लिये जाने का मामला सामने आया है। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में मनवीर सिंह ढिल्लो पुत्र स. इकबाल सिंह निवासी ढिल्लो फार्म, किच्छा बाईपास रोड ने कहा है कि 21 अगस्त को सायं लगभग 5.30 बजे उसके व्हाटसप पर एक अज्ञात नम्बर से कॉल आयी। तथा उसने बताया कि वह वरिन्दर चीमा होशियारपुर वाला बोल रहा है। वरिन्दर चीमा बुआ का लड़का है। अपनो रिश्तेदार समझ कर उसकी बातें समझने लगा। उसने बताया कि उसकी माता जालंधर पंजाब स्थित हॉस्पीटल में भर्ती है तथा उनके उपचार हेतु उसे 6 लाख रूपये की सख्त आवश्यकता है। उसने यह भी बताया कि उसके खाते से धनराशि ट्रान्सफर नहीं हो पा रही है इसलिए उसने अपने खाते में भुगतान करने का अनुरोध किया साथ ही यह भी आश्वासन दिया कि वह 1 घंटे बाद ही यह धनराशि आपके बैंक खाते में भुगतान कर देगा। मनवीर ने बताया कि 22 अगस्त को उसने पेटीएम के माध्यम से उसके खाते में 4 लाख का भुगतान कर दिया। भुगतान करने के पश्चात कथित वरिन्दर चीमा द्वारा फोन बन्द कर दिया गया। जब उसने अपने रिश्तेदार (शेष पृष्ठ सात पर)

## विधानसभा सत्र शुरू, धरने पर बैठे कांग्रेसी विधायक



देहरादून (उद संवाददाता)।विधानसभा का मानसून सत्र शुरू हो गया है। पहले दिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत सदन में मौजूद सभी सदस्यों ने पूर्व कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास के निधन पर शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी। सीएम धामी ने कहा कि चंदन रामदास का जाना हमारे लिए बड़ी क्षति है। उन्होंने हमेशा हमें मजबूती देने का काम किया है। बहुत से काम थे जो वे करना चाहते थे, हम उसे पूरा करेंगे। बागेश्वर की जनता के लिए करने वाले उनके अधूरे कामों को हम आगे बढ़ाएंगे। सुबह सत्र शुरू होने से पहले ही कांग्रेस के विधायक जोशीमठ आपदा को लेकर विधानसभा की सीढ़ियों पर धरने पर बैठ गए। कांग्रेस विधायक लोहाघाट खुशहाल सिंह अधिकारी व ज्वालापुर विधायक रवि बहादुर भी प्रदर्शन में पहुंचे। कांग्रेस विधायक मदन बिष्ट सुमित हृदयेश, विधायक धारचूला हरीश धामी, विधायक मनोज तिवारी, विधायक पिरान कलियर फुरकान अहमद, विधायक ममता राकेश और विधायक जसपुर आदेश सिंह चौहान भी प्रदर्शन में शामिल हुए। सत्र के दूसरे दिन हंगामा होने के आसार हैं। सत्ता पक्ष को सदन के भीतर और बाहर आपदा, अतिक्रमण, लोकायुक्त समेत कई अन्य मुद्दों पर विपक्ष के तीखे तेवरों का सामना करना पड़ सकता है। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने सभी दलों से सदन को शांतिपूर्ण ढंग से चलाने में सहयोग की अपील की है। बुधवार को वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल सदन पटल पर अनुपूरक बजट पेश करेंगे। सदन में सरकार से पूछने के लिए सभी सदस्यों ने कमर कस ली है। विस सचिवालय को विधायकों के 614 प्रश्न प्राप्त हो चुके हैं। पहले दिन निधन पर शोक के चलते प्रश्नकाल नहीं हुआ। प्रदेश सरकार की ओर से बुधवार को अनुपूरक बजट पेश करने के साथ ही राज्य आंदोलनकारियों (शेष पृष्ठ सात पर)

## रिटायर्ड एसडीएम के घर लाखों की चोरी करने वाला दबोचा



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रिटायर्ड एसडीएम के घर से लाखों के जेवर चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए मामले में एक व्यक्ति को चोरी हुए आभूषणों के साथ गिरफ्तार किया है। जज फार्म निवासी सुशीला रावत पत्नी सुरेन्द्रपाल सिंह रावत पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि उनके घर में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देते हुए लाखों के जेवर चोरी कर लिये हैं। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू की। एसएसपी पंकज भट्ट ने चोरी के खुलासे के लिए टीमों का गठन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये थे। गठित टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए घटना स्थल के आसपास के लोगों से पूछताछ, की। साथ ही घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगाला गया जिसके फलस्वरूप मंगलवार को चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त धर्मेन्द्र कश्यप पुत्र मुन्ना लाल कश्यप निवासी पंचशील कॉलोनी- पीलीकोठी थाना मुखानी हल्द्वानी को क्रियाशाला रोड़ से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी हुई दो सोने की अंगूठी, कान के टाप्स ,मँगलसूत्र ,एक नथ, 1 जोड़ी कड़, एक माला पैण्डुलम और एक हजार रूपये नकद बरामद किये गये। एसएसपी पंकज भट्ट ने खुलासा करते हुए बताया कि पकड़ा गया आरोपी पूर्व में भी आपराधिक वारदातों में लिप्त रहा है। एसएसपी ने खुलासा करने वाली टीम को पांच हजार का ईनाम देने की घोषणा की है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक शिवेन्द्र सिंह नेगी,राजवीर सिंह नेगी, दिनेश जोशी, कांस्टेबल उमेश राणा, धीरज सुगड़ा, चन्दन सिंह नेगी, त्रिलोक रौतेला, कुन्दन कठायत ,भानु प्रताप ,दिनेश नगर कोटी , अनिल गिरी आदि शामिल रहे।

## ठुकराल समर्थक सहित दो पर मारपीट कर धमकाने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बीते दिनों मौहल्ला रम्पुरा में दो पक्षों के मध्य हुई मारपीट के मामले में दूसरे पक्ष द्वारा ठुकराल समर्थक व एक अन्य पर मारपीट कर धमकाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी गई है। जिसमें शिवम चन्द्रा पुत्र महेश चन्द्रा निवासी नियर सोनिया होटल ने कहा है कि 31 अगस्त की रात्रि वह अपनी स्कूटी से घर जा रहा था। तभी रम्पुरा निचाल के पास बहुत सारे लोगो खड़े थे। पीछे एक अन्य वाहन चालक अपने दोस्त के साथ आ रहा था जोकि अपने वाहन का हार्न लगातार बजाने लगा। जब उसने हार्न बजाने से मना किया तो उक्त दोनों वाहन से उतर कर उसे मार पीटकर जान से मारने की धमकी देने लगे। उक्त घटना की रिपोर्ट देने के लिए रम्पुरा चौकी जा रहा था। तभी चौकी के गेट पर पहले से घात लगाकर बैठे उक्त दोनो व्यक्तियों ने अपने दो अन्य साथियो के साथ मिलकर उस पर जान से मारने की नियत से जान लेवा हमला कर दिया। तभी किच्छा राड हाइवे से गुजर रहे कुछ लोगो द्वारा उसे बचाया गया। आरोप है एक हमलावर के भाई स्मैक बेचने का अवैध कारोबार करते है कई बार जेल भी जा चुके हैं तथा एक अपने आप को पूर्व विधायक (शेष पृष्ठ सात पर)

ੴ ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ ।
ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ ।।੧।। ੴ

### अन्तिम अरदास



अत्यंत दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरे पूज्य पिता जी **सरदार बन्ता सिंह जी** का स्वर्गवास दिनांक 28.6.2023 को हो गया था, उनकी आत्मा की शांति के लिये अखण्ड पाठ का **भोग/अंतिम अरदास** दिनांक 06.9.2023 दिन बुधवार को प्रात: 11 से 1 बजे श्री गुरुद्वारा श्री ननकाना साहिब, काशीपुर में होगी। कृपया अंतिम अरदास की प्रार्थना में शामिल हों।

**शोकाकुल परिवार**

पत्नी-सुरजीत कौर, पुत्र-गुरदीप सिंह, गुरमुख सिंह (पूर्व ब्लाक प्रमुख)
गुरनाम सिंह गामा (चेयरमैन-रेडक्रॉस सोसाइटी)

fuokl% fQjkt i¼j Qke] dk'khij ¼m/ke flg uxj½
ek- 9837777791] 8868888555

## फैक्ट्री स्वामी के भाई पर युवती ने लगाया शारीरिक शोषण का आरोप

किच्छा(उद संवाददाता)। लालपुर स्थित एक फैक्ट्री के स्वामी पर फैक्ट्री में काम करने वाली युवती ने शारीरिक शोषण का आरोप लगाया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं मामले की जानकारी मिलने के बाद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कोतवाली पहुंचकर हंगामा किया और आरोपी की जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। लालपुर क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह

**गिरफ्तारी की मांग को लेकर बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने कोतवाली में किया प्रदर्शन**

खमरिया रोड लालपुर स्थित अहमद ग्रुप एण्ड वायशर इण्डस्ट्रीज में काम करती है। युवती का आरोप है कि फैक्ट्री के मालिक का भाई इल्यास निवासी ग्राम कच्ची खमरिया उसके साथ छेड़खानी करता है। कहता है कि उसे बॉय फ्रेन्ड बना लो मैं पैसे वाला हूँ, तुझे ऐश करवाउँगा। जब तक तुम्हारा विवाह नही होता तब तक मेरे साथ ऐश कर। युवती का कहना है कि इल्यास की हरकतों के चलते उसने फैक्ट्री में काम पर जाना छोड दिया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर धारा 354 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। वहीं इस मामले की जानकारी जब बजरंग दल किच्छा इकाई के अध्यक्ष अंशु श्रीवास्तव को मिली तो उनके नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक (शेष पृष्ठ सात पर)

## क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाता एक गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस एशिया क्रिकेट कप में भारत व नेपाल के मध्य खेले जा रहे मैच का सट्टा लगा रहे एक सट्टेबाज को पुलिस ने चैकिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक मोहन चन्द्र जोशी साथी पुलिस कर्मी कानि. धर्मेन्द्र मर्तोलिया के साथ बगवाड़ा कस्बे में चैकिंग कर रहे थे। मुखबिर से सूचना मिलने वह बगवाड़ा मण्डी गेट के पास पार्किंग को जाने वाले रास्ते के किनारे (शेष पृष्ठ सात पर)

# निजी स्वार्थ के लिए सरकारी संशाधनों का दुरूपयोग कर रहे मेयर: सीपी शर्मा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा ने बीते दिनों मेयर रामपाल सिंह द्वारा नगर निगम में रक्षाबंधन पर आयोजित कार्यक्रम में सरकारी संशाधनों के दुरूपयोग और नगर निगम के सफाई कर्मियों का हक मारने पर मेयर के खिलाफ हमला बोला है। प्रेस को जारी एक बयान में महानगर अध्यक्ष ने कहा कि मेयर का कार्यकाल खत्म होने को है लेकिन वह अभी तक सस्ती लोकप्रियता हासिल करने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन का कार्यक्रम मेयर ने नगर निगम में आयोजित करके एक बार फिर सरकारी संशाधनों का दुरूपयोग किया है। मेयर को रक्षाबंधन के नाम पर महिलाओं की वाहवाही लूटनी थी तो उन्हें यह कार्यक्रम अपने घर पर आयोजित करना चाहिए था या किसी बस्ती में जाकर अपने निजी संशाधनों से बहनों को खुश करते। नगर निगम में इस तरह का कार्यक्रम सरकारी संशाधनों का खुला दुरूपयोग है। श्री शर्मा ने कहा शासन से जो मच्छरदानियां सफाई कर्मियों और



नगर निगम के कर्मचारियों के लिए मिली थी उन्हें मेयर ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बांटकर निगम कर्मियों का हक मारने का काम किया है। मेयर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए बाज नहीं आ रहे हैं। उनके कार्यकाल को पांच साल बीतने को हैं लेकिन उपलब्धियों के नाम पर उनके पास कुछ नहीं है। झूठ का सहारा लेकर उन्होंने पांच साल बिता दिये। शहर में जलभराव की स्थिति जस की तस है। सफाई व्यवस्था चौपट है। घर घर कूड़ा कलेक्शन की व्यवस्था मजाक बनकर रह गयी है। करोड़ो खर्च करने के बाद भी कूड़े का पहाड़ आज भी मुंह चिढ़ा रहा है। मेयर दो माह में कूड़े का ढेर हटाने की बात करते थे लेकिन पांच साल में भी वह कूड़े को नहीं हटा पाये। महानगर अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि मेयर ने जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा अपने चहेते लोगों और पूंजीपतियों की कालोनियों में लगाकर जनता के साथ सरासर नाइंसाफी की है। जनता आगामी निकाय चुनाव में भाजपा का सबक सिखाकर इसका बदला लेगी।

# मीना शर्मा ने शिक्षकों को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन शिक्षक दिवस पर उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कई स्कूलों में पहुंचकर शिक्षकों को शॉल ओढ़ाकर एवं फूल मालाएं पहनाकर उन्हें सम्मानित किया। श्रीमती शर्मा रविंद्र नगर स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय पहुंची जहां उन्होंने स्कूल की सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं को शॉल



ओढ़ाकर एवं फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया,इससे पूर्व श्रीमती शर्मा ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। यहां अपने संबोधन में श्रीमती शर्मा ने कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण है, और शिक्षक उस मोमबत्ती की तरह की जो जलकर खुद तो नष्ट हो जाती है,किंतु दूसरों को रोशनी देती है, श्रीमती शर्मा ने शिक्षकों को सम्मानित करते हुए उनका आह्वान किया कि वह स्वस्थ समाज के लिए बच्चों में अच्छे संस्कार पैदा करें। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, सहित नगर निगम के पूर्व पार्षद रामकृष्ण कनौजिया, कांग्रेस नेता बाबू विश्वकर्मा , शिवपद सरकार, मानसिंह के साथ-साथ सम्मानित किए गए शिक्षक केव केव शर्मा, कीर्ति निधि शर्मा, राजकुमारी, अनु सिंघल, प्रीति आदि शामिल है स इस अवसर पर बड़ी संख्या में अन्य लोग एवं स्कूल के बच्चे उपस्थित थे।

# शिक्षक दिवस पर सक्सेस प्वाइंट कंप्यूटर संस्थान ने दी सौगात

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। क्षेत्र के सक्सेस प्वाइंट कंप्यूटर संस्थान संस्थापक मनोज सरकार ने क्षेत्र के समस्त छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न प्रकार के कंप्यूटर शिक्षा प्रदान करने को ठाना है। संस्था संस्थापक ने कहा कि अब क्षेत्र के सभी छात्र-छात्राएं कंप्यूटर शिक्षा मात्र 12 रूपये में प्राप्त कर सकते हैं इसके अलावा अभिभावकहीन व अत्यधिक गरीब छात्र-छात्राओं को निशुल्क कंप्यूटर शिक्षा प्रदान कराई जाएगी संस्थान में वर्तमान समय विभिन्न कोर्स संचालित है। सभी कोर्स भारत सरकार से प्रमाणित है संस्थान से छात्र-छात्राएं विगत कई वर्षों से विभिन्न विभागों जैसे - बैंक,



अस्पताल, रेलवे, अकाउंट सेक्टर, आईटी सेक्टर निजी व्यापार व भारत से बाहर अन्य देशों में भी विभिन्न विभागों में कार्यरत है। शिक्षक दिवस के अवसर पर संस्था प्रबंधक ने प्रत्येक स्कूलों के एक अध्यापक को नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रस्ताव रखकर सभी शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी है।

# अच्छी शिक्षा व संस्कार देने वाला सच्चा गुरु: चुघ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। समाज में गुरुजनों को सर्वोच्च स्थान देकर उनका सदैव सम्मान किया जाता है। यहां यूनिटी लॉ कॉलेज में शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में अपने संबोधन में वरिष्ठ समाज सेवी एवं भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने कहा कि हम सभी जन्मदात्री मां के पश्चात गुरु जी की ही पूजा करते हैं। गुरु जी से मिलने वाली शिक्षा हमारे भविष्य की दिशा निर्धारित करती है। उन्होंने कहा कि वास्तव में सच्चा गुरु वही है जो अपने शिष्यों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के साथ ही अच्छे संस्कार भी दे। श्री चुघ ने कहा कि आज सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिन है। जिन्होंने देश को आगे बढ़ने का बेहतर मार्ग दिखलाया। इससे पूर्व श्री चुघ का कॉलेज आगमन पर प्रबंधन एवं विद्यार्थियों द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. केएस राठौर ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को विद्यालय में अध्ययन



के दौरान सभी शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए और उसके पश्चात भी शिक्षक सम्मानीय होने चाहिए। कार्यक्रम में डा. एमएस भंडारी, डा. यूसी जोशी, डा. केएन जोशी, डा. अनिल कुमार , डा. पवन कुमार, डा. पंकज कुमार, डा. धना बिष्ट, डा. अनुपम बिष्ट, संजय चंदोला, नकुल डालाकोटी, अमित बोरा, बंटी राणा, प्रमोद बोरा, छाया पाठक, डा. धर्मेंद्र सिसौदिया, आशीष मंडल, विपुला रानी, डा. भगवान सहाय वार्ष्णेय, गौरव कुमार, वैशाली टोलिया, शुभम वाधवा, शालिनी यादव, सपना सामंत, अमित गौड़ आदि मौजूद थे।

# धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय डियोढ़ी में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम भारत रत्न डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के चित्र पर माल्यार्पण करके विनम्र श्रद्धांजलि प्रदान करी गई।विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सूरज सक्सेना ने बच्चों को शिक्षक दिवस के महत्व को बताते हुए कहा कि डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी का जन्म 5 सितंबर 1888 को तमिलनाडु के तिरुत्तनी गांव में हुआ था। वह एक महान दार्शनिक व लेखक थे जिन्होंने विभिन्न विश्वविद्यालयों में लगभग 40 वर्ष तक शिक्षण कार्य किया और अपना जन्मदिन शिक्षकों को समर्पित किया। डॉ० राधाकृष्णन 1962 में भारत के दूसरे राष्ट्रपति के पद पर विराजमान हुए 17 अप्रैल 1975 को इनकी मृत्यु हुई। इस अवसर पर बच्चों द्वारा शिक्षकों के सम्मान में सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए



एवं उन्हें उपहार भेंट किये। शिक्षक दिवस के कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय प्रबंधन समिति की आमसभा का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के प्रधानाध्यापक सोबरन सिंह राणा ने सभी का स्वागत करते हुए विद्यालय में की जा रही विभिन्न शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों के विषय में विस्तार से बताया और विद्यालय की समस्याओं को भी सामने रखा अध्यक्ष मोहम्मद इलियास और अन्य पदाधिकारियों व अभिभावकों ने उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और सभी ने एक स्वर में विद्यालय को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन प्रदान किया। यहां वरिष्ठ समाजसेवी पी०एस० राणा, विद्यालय के सहायक अध्यापक कृष्ण चंद्र, शफीउद्दीन नवाबुद्दीन, हफीजुद्दीन, जीत कौर और विमला देवी आदि उपस्थित थे।

# एसबीएस कालेज में फिल्म स्क्रीनिंग पर कार्यक्रम आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की विभागीय परिषद एवम थियेटर एंड सिनेमा सोसायटी के सयुक्त आयोजन में फिल्म स्क्रीनिंग का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें दो अलग फिल्मों को स्क्रीन किया गया। गुलजार निर्मित प्रेमचंद की कफन और कार्तिकी गोंजालवेस की एलीफैंट व्हिस्परर की





स्क्रीनिंग के बाद कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. सर्वजीत सिंह ने अपने विचार रखें। उन्होंने कहा कि प्रेमचंद की प्रासंगिकता कभी खत्म नहीं हो सकती और आज जब प्रेमचंद का साहित्य तमाम भाषाओं में अनूदित हो रहा है। सिल्वर स्क्रीन पर रूपांतरित होकर आ रहा है। ऐसे में इस तरह के कार्यक्रम बहुत प्रासंगिक हो जाते हैं। विभाग प्रभारी प्रो. मनोज पांडे ने कहा कि दोनों शॉर्ट फिल्म अपने आप में विशिष्ट है। जहां एक ओर गुलजार की कफन प्रेमचंद के द्वारा आजादी पूर्व के सामाजिक ताने वाले को बुनती एक ऐसी दुनिया की रचना करती है जहां भूख इंसान को पशु बना देती है वही एलीफेंट व्हिस्पर में पर्यावरणीय चेतना एवं जीवो के प्रति संवेदना का विचार रखा गया है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार रखें तथा दोनों फिल्मों पर अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत की। स्क्रीनिंग में डॉ. आशीष गुप्ता एवं डॉ. दिशा, छात्रा उपाध्यक्ष केशु, राहुल, रवि, चंद्रा, प्रिया, प्रियंका, मोनी, सोनू आदि उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य मंत्री ने की डेंगू से बचाव के इंतजामों की समीक्षा

देहरादून(उद संवाददाता)। राजधानी दून में डेंगू के बढ़ते प्रकोप और अव्यवस्थाओं का आलम देखकर सरकार हरकत में आ गई है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने खुद कमान संभाली और



डेंगू से बचाव के इंतजामों की समीक्षा की। उन्होंने देहरादून में बढ़ रहे डेंगू के मामलों पर अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। जिलाधिकारी से कहा, अधिकारियों की जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाए। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कलेक्ट्रेट के ऋषिपर्णा सभागार में डेंगू के बढ़ते मामलों की रोकथाम और नियंत्रण को लेकर सभी संबंधित विभागों के साथ इंतजामों की समीक्षा की। उन्होंने देहरादून के नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खन्ना, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय जैन और दून मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना से कहा, लापरवाही कतई स्वीकार नहीं होगी। हर हाल में व्यवस्था सुधार लें। उपचार के लिए किसी को भटकना न पड़े। उन्होंने दस दिन का माइक्रो प्लान बनाकर देने के लिए कहा। फॉगिंग की शिकायतों पर भड़के मंत्री ने नगर निगम के अफसरों को फटकार लगाकर व्यवस्था सुधारने के लिए कहा। स्वास्थ्य विभाग को प्रतिदिन हेल्थ बुलेटिन जारी करने के लिए कहा। उन्होंने कहा, स्कूलों से लेकर आम लोगों के बीच डेंगू से बचाव एवं रोकथाम को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। जिला प्रशासन से कहा कि सिर्फ सरकारी अस्पतालों ही नहीं बल्कि निजी चिकित्सालयों के साथ भी बैठक कर व्यवस्था दुरुस्त की जाए। उन्होंने कहा, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम एवं प्रशासन युद्धस्तर पर कार्यवाही करे, जिससे नए मामले न बढें। स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रार्थना सभा में बच्चों को जागरूक करें। चिकित्सक व कांउसलर स्कूलों में भेजे जाएं। नगर निगम एवं नगर निकायों को सभी वार्डों में, जिला पंचायत विभाग एवं पंचायतीराज अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन फॉगिंग एवं जनजागरूकता अभियान चलाने और फॉगिंग चार्ट बनाने के निर्देश दिए।

# नई कारों में वेटिंग, एसेसरीज व कोटिंग के नाम पर हो रहे गोलमाल का मामला पहुंचा न्यायालय

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मारुति नेक्सा की नई कारें वेटिंग के नाम पर ब्लैक में बेचने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने इसे अपने साथ धोखाधड़ी बताते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है । साथ ही इसे उपभोक्ता अधिकारों का हनन बताते हुए जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद दायर किया गया है। जिला न्यायालय रुद्रपुर के अधिवक्ता सोमिल घीक द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा एक ऑटो मोबाइल शोरूम से ग्रैंड विटारा कार नई खरीदने के लिए 12 अक्टूबर 2022 को बुकिंग कराई थी। कार की डिलीवरी 7 दिसंबर 2022 तक देने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन समय पर कार नहीं दी गई। इस दौरान बैंक से ऋण स्वीकृति कराने के बाद किश्त व ब्याज भी शुरू हो गई। लेकिन कार की डिलीवरी आज तक नहीं दी गई है। उन्होंने बताया कि अप्रैल 2023 तक कार की डिलीवरी नहीं मिलने पर शोरूम के अधिकारी/ कर्मचारियों से बात करने पर कार की डिलीवरी देने के लिए 50 हजार रुपए की कार की एसेसरीज व 50 हजार रुपए कोटिंग चार्ज के रूप में यानी 1 लाख रुपए की अतिरिक्त मांग की जा रही है और एक्सेसरीज व कोटिंग के नाम पर उसके साथ धोखाधड़ी व उपभोक्ता अधिकारों का हनन किया जा रहा है। जिस संबंध में एफआईआर दर्ज करने के लिए न्यायालय में धारा -156 (3) सीआरपीसी का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है। साथ ही जिला उपभोक्ता आयोग रुद्रपुर में भी परिवार दायर किया गया है। सोमिल घीक ने आरोप लगाया कि नई कारों की वेटिंग के नाम पर एसेसरीज व कोटिंग के चार्ज वसूलकर स्थानीय क्षेत्र में करोड़ों की ब्लैक मेलिंग की संभावना है जिसकी जांच किए जाने से बड़ा घोटाला एवं उनका भ्रष्टाचार सामने आएगा। रुद्रपुर में नई कार खरीदने की स्थिति यह है कि कोई व्यक्ति कार खरीदने जाता है तो उसे कई कई महीने की वेटिंग बताई जाती है और बुकिंग करने के बाद भी समय से गाड़ी की डिलीवरी नही दी जा रही और वहीं जो व्यक्ति शोरूम प्रबंधको के अनुसार एसेसरीज और कोटिंग की मुंह मांगी धनराशि भुगतान कर रहा है उसे एक दो दिन में ही कार की डिलीवरी दे दी जाती है। उन्होंने मांग की कि इस मामले में एसआईटी गठित कर जांच कराई जाए तो बड़ा घोटाला सामने आएगा।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# कांग्रेस नेताओं ने गिनाई मोदी सरकार की विफलताएं

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा, महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने पत्रकार वार्ता में महंगाई, रोजगार समेत कई मुद्दों पर मोदी सरकार के खिलाफ आरोपों की बौछार की है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि चुनाव नजदीक देख अब मोदी सरकार को गैस सिलेण्डर की कीमतें कम करने की याद आ गयी है। यह चुनावी शिगूफा है। जनता अब ऐसे प्रलोभनों में नहीं फंसने वाली। कांग्रेस नेताओं ने पूरे देश में गैस सिलेंडर की कीमतें पांच सौ रूपये करने की मांग भी की। कांग्रेस जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में महंगाई सातवें आसमान पर पहुंच चुकी है। आम आदमी का घर चलाना मुश्किल हो गया है। रोजमर्रा की जरूरी वस्तुओं के दाम तेजी से बढ़ रहा है। फल और सब्जियां के साथ साथ दालें भी आम आदमी से दूर हो गयी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार देंगे, लेकिन पहले साल सिर्फ 17 लाख रोजगार मुहैया करा सके। गावा ने मंदी के अलावा निर्यात और औद्योगिक विकास घटने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार में पीएम रहे मनमोहन सिंह को साइलेंट मोड में कहा जाता था। जो लोग यह आरोप लगाते थे, वे अब फ्लाइट मोड में हैं। उन्होंने कहा कि आम लोगों के कितने अच्छे दिन आए हैं, यह इसी से पता चलता है कि साल 2014 के अंत तक वेतन में बढ़ोतरी गिरकर 3.8 फीसदी रह गई। यह जुलाई 2005 के



बाद सबसे कम है। वहीं, जेम्स एंड ज्वेलरी, आईटी, हैंडलूम, बीपीओ और पावरलूम सेक्टर्स में मंदी आ रही है। श्रमिकों के हित से जुड़े कानूनों को भी बदला जा रहा है और उद्योगपतियों को इस तरह के कदमों के जरिए फायदा दिलाया जा रहा है।श्री गावा ने कहा कि मोदी सरकार ने अपने वादे तो पूरे नहीं किए, इसके उलट अपनी नासमझी से देश को आफत में डाल दिया। नोटबंदी ने अर्थव्यवस्था चौपट कर दी, बैंक की लाइनों में लोगों की मौत हुई। कौन भूल सकता है उस भयावह मंजर को। गब्बर सिंह टैक्स से व्यापारी तबाह हैं। आए दिन इसका विरोध होता है, लेकिन सुनने वाला मोर को दाने देने में व्यस्त रहे तो लोग क्या करें। अग्निवीर के फैसले ने युवाओं के सपनों को कुचल दिया। जब वो विरोध में उतरे तो उन्हें धमकाया गया कि उनका भविष्य चौपट कर दिया जाएगा। मोदी सरकार जनता को डराकर-धमकाकर, सत्ता को खरीदकर, मित्र को सब बेचकर मौज करने के फार्मूले पर चल रही है।महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा विकास का नारा देकर सत्ता में आई मोदी सरकार पुरानी तारीखों से टैक्स लगा रही है। कहा कि सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएं हो रही हैं। इससे भी निवेशक डरे हुए हैं। मोदी सरकार ने वादे पूरे करने की जगह बीते एक साल में सिर्फ खुद के प्रचार-प्रसार का काम किया। विकास के बारे में सिवाय गलत जानकारी देने के सरकार कुछ नहीं कर रही है। मोदी सरकार का कार्यकाल नाकामी का कार्यकाल हैं। देश की बदहाली के 9 वर्षों में लोगों को महंगाई, बेरोजगारी और तानाशाही फैसलों की मार झेलनी पड़ी। जुमलों के दम पर सत्ता में आई मोदी सरकार ने अपना एक भी वादा पूरा नहीं किया। अब जनता मोदी के जुमलों से तंग आ चुकी है। कर्नाटक का चुनाव इसका सबूत है, जहां जनता ने सीधे तौर पर मोदी और उनकी भ्रष्ट सरकार को नकार दिया। ये असंतोष की लहर दक्षिण से चली है जो पूरे देश को खुद में समेट लेगी। जनता इंतजार में है और आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराकर हिसाब चुकता करेगी। पत्रकार वार्ता में पूर्व मेयर प्रत्याशी एवम वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री ममता रानी,महामंत्री सुनील आर्य, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोपाल भसीन, शिवपद सरकार,सतीश कुमार, योगेश चौहान, मान सिंह दास आदि भी मौजूद थे।

# मानूसन सत्र में भाग लेने विधान सभा पहुँचे विधायक शिव अरोरा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। आज से शुरू हो रहे उत्तराखंड के विधानसभा सत्र में भाग लेने विधानसभा पहुँचे रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा सत्र में भाग लेने से पहले दिवंगत केबिनेट मंत्री चन्दनराम दास के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। बता दें विधायक बनने के बाद लगातार रुद्रपुर विधानसभा से जुड़े कई



ज्वलंत मुद्दों को विधायक ने सदन के पटल उठाया है। विधायक शिव अरोरा ने महज एक वर्ष से ऊपर के कार्यकाल में जलभराव, नजूल, मल्टीस्टोरी पार्किंग हो या बाईपास चौड़ीकरण हो जैसे मुद्दों को उठाते हुए उन कार्यो में सफलता की ओर आगे बढे है, एक अलग विजन से रुद्रपुर विधानसभा में तेज गति से कार्य करने वाले विधायक शिव अरोरा द्वारा मानसून सत्र में भी कई मुद्दों को उठाने जाने की उमीद है।

# विधायक ने लाभार्थियों को बांटे आर्थिक सहायता के चेक

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने अपने कैम्प कार्यालय पर मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से आर्थिक रूप से कमजोर जरूरतमंद लोगों को आर्थिक सहायता चैक वितरित किये। इससे पूर्व भी विधायक शिव अरोरा लगातार विधानसभा के अलग अलग क्षेत्रो के लोगो को बीमारी इलाज, कन्या विवाह व आपदा सम्बंधित चौक वितरित करते आये हैं उन्होंने लगभग 15 लोगो को आर्थिक



सहायता चौक सौपे। जिसमे खेड़ा, शिवनगर, शांति बिहार, रम्पुरा,दानपुर के लोग शामिल थे। विधायक शिव अरोरा ने कहा गरीब परिवार के लिये इस प्रकार की आर्थिक सहायता काफी मदद का कार्य करती है।इस दौरान उपेन्द्र चौधरी, राधेश शर्मा, अनमोल विर्क, मयंक कक्कड़, निमित शर्मा, हरपाल सिंह, मनोज मदान, डंम्पी चोपड़ा, मानव कक्कड़ व अन्य लोग मौजूद रहे।

# सिक्स सिग्मा के छात्रों ने किया बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्राविधिक शिक्षा परिषद, रुड़की द्वारा डिप्लोमा इन फार्मेसी के प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं का परीक्षाफल परिषद् द्वारा घोषित किया जा चुका है। जिसमें संस्थान सिक्स सिग्मा कॉलेज ऑफ फार्मेसी के छात्र-छात्राओं ने इस वर्ष बोर्ड की श्रेष्ठता सूची में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बोर्ड द्वारा घोषित किए गए परीक्षाफल में डिप्लोमा इन फार्मेसी में अनेक छात्र-छात्राओं ने 75प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण की । जिसमे डिप्लोमा इन फार्मेसी के प्रथम वर्ष के सौरव विश्वास ने 75.04प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान लिया । नितिन सिंह रावत ने 74 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान लिया वही फिरोज आलम अंसारी ने 72.28प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान लिया। जबकि डिप्लोमा इन फार्मेसी के द्वितीय वर्ष में शुभम विश्वास ने 80.69प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान लिया जबकि सलोनी शर्मा ने 80.34प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान लिया । वही शिवा गुंबर ने 80.08प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान लिया। संस्थान के कई छात्र-छात्राओं ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का, अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। इस परीक्षाफल में संस्थान का रिजल्ट 95प्रतिशत रहा। सौरभ विश्वास ने अपने प्रथम स्थान आने का श्रेय अपने अध्यापकों को दिया । शुभम विश्वास ने कहा के मेरे प्रथम स्थान मिलने का श्रेय मेरे माता पिता और मेरे गुरुजनों को जाता हैं। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष राजेश डावर, उपाध्यक्ष प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निर्देशक सी ए शिव अरोरा व निदेशिका डॉ सीमा अरोरा मैनेजमेंट मेंबर वंश डाबर, कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ विजय सिंह, कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड रजत धवन, प्रशासनिक अधिकारी अनुभव बाठला तथा समस्त शिक्षक- शिक्षिकाओं ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी तथा छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए कामना की ।

# किच्छा में श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

किच्छा(उद संवाददाता)। श्री श्याम सत्संग मंडल एवं श्री श्याम युवा मित्र मंडल किच्छा द्वारा श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव के आयोजन की व्यापक स्तर से तैयारी की जा रही है। इसके लिए अभी से श्याम सत्संग मंडल द्वारा नवीन गल्ला मंडी स्थल को चयनित किया है। मंडल के सभी कार्य कर्ता अपने कार्यों को सम्पन्न करने के लिए तैयार है। श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन आगामी 11 सितंबर को रात्रि 8 बजे प्रारंभ होना है इससे एक दिन पहले 10 सितंबर को नगर में भव्य निशान यात्रा का भी आयोजन किया जाएगा। श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव में कई दिग्गज भजन गायकों के द्वारा श्री श्याम का गुणगान किया जाएगा। उक्त जानकारी देते



हुए मंडल के कार्य कर्ता सनी अग्रवाल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री श्याम बाबा का संकीर्तन हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है किंतु इस वर्ष भक्तों की संख्या को देखते हुए स्थान परिवर्तन कर दिया गया है जो की नवीन गल्ला मंडी में निश्चित किया गया है ।उन्होंने बताया कि पुरानी गल्ला मंडी में यातायात की व्यवस्था पर व्यवधान को देखते हुए यह कार्यक्रम स्थानांतरित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि नवीन गल्ला मंडी में व्यापक स्थान है जहां पर तमाम वाहनों को खड़े करने की व्यवस्था है। साथ ही भक्तों के लिए विशाल पंडाल भी बनाया जा रहा है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया की श्री श्याम संकिर्तन महोत्सव के मुख्य यजमान किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ होंगे। उन्होंने संकीर्तन मंडल के सभी कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया है कि श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव को सफल बनाने के लिए जी जान से जुट जाएं।

# अधिवक्ता के भाई पर हमला ,केस दर्ज

किच्छा(उद संवाददाता)। अधिवक्ता शोएब मलिक के भाई पर हमला करने वालों के विरुद्ध कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया है गया है। उल्लेखनीय है कि बोरिंग गली निवासी शोएब मलिक के भाई एवं उनके रिश्तेदारों के बीच किसी मामले को लेकर जबरदस्त मारपीट हो गई थी जिसमें शोएब मलिक के भाई सहित कई लोगों को गंभीर चोटें आई थी तथा पुलिस द्वारा दूसरे पक्ष के दबाव में घायलों पर ही मुकदमा पंजीकृत कर दिया था।पुलिस द्वारा जांच पड़ताल के बाद आज अधिवक्ता के भाई पर हमला कर घायल करने के आरोप में नदीम उर्फ राजू , सलीम उर्फ गुड्डू, रूबी उर्फ रहना पर विभिन्न धाराओं मै मुकदाम दर्ज किया है।

# धूमधाम से मनाया जन्माष्टमी महोत्सव

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 2 तक के सभी विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में सभी छात्र कृष्ण और छात्राएँ राधा बनकर आई थीं। विद्यार्थी राधा-कृष्ण के गीतों पर हर्षोल्लास के साथ झूम उठे। कृष्ण के प्रेम में दीवानी राधाएँ, राधा-कृष्ण की जोड़ी में दिखाई दीं। शिक्षिकाओं ने बच्चों को कृष्ण द्वारा पसंद किये गये विभिन्न खाद पदार्थों से परिचित कराया। छोटे बच्चों ने बड़ी दिलचस्पी से इन चीजों का आनंद लिया। कार्यक्रम में माखन चोर की अनेक लीलाएँ प्रस्तुत की गई। पहली झाँकी में कृष्ण जन्मोत्सव दूसरी में कृष्ण जी शेषनाग पर विराजमान थे और तीसरे में मटकी फोड़ के द्वारा माखन चोरते हुए कृष्ण का नटखट रूप प्रदर्शित किया गया। इस सुनहरे अवसर पर सभी बच्चों को स्मृति के रूप में बाँसुरी, मोर पंख, मटकी आदि दिया गया। विद्यालय की प्रबंधिका डॉ0 गीतिका बल्यूटिया, प्रधानाचार्य अनुराग माथुर, उप-प्रधानाचार्या श्रीमती ममता तनेजा और कॉडीनेटर श्रीमती प्रियंका शर्मा ने विद्यार्थियों को जन्माष्टमी की बधाई व शुभाशीष दिया। इस अवसर पर नर्सरी से लेकर कक्षा 2 तक की सभी अध्यापिकाएँ उपस्थित थीं।



# पंत जयंती समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। आगामी 10 सितंबर को जनपद अंतर्गत भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी के जन्म दिवस को भव्य रूप से मनाए जाने के उद्देश्य से जिला कार्यालय



सभागार में अपर जिलाधिकारी डॉ. शिवकुमार बरनवाल की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 10 सितंबर को प्रात: 7:00 बजे बालक एवं बालिकाओं की क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया जाएगा और प्रात: 9:00 बजे से रामलीला मैदान निकट नगर पालिका परिषद से प्रभात फेरी निकाली जाएगी जो निकट घंटाकर्ण मन्दिर स्थित पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी की मूर्ति के पास समाप्त होगी। क्रॉस कंट्री दौड़ और प्रभात फेरी में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। पूर्वाहन 10:00 बजे भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी डा .बरनवाल द्वारा भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी के जन्मदिवस को सफल एवं भव्य रूप से मनाए जाने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों को भिन्न-भिन्न कार्य दायित्व सौंपे गए। बैठक में महेंद्र लुंठी, राजेंद्र भट्ट , जुगल किशोर पांडे सहित उपजिलाधिकारी अनिल शुक्ला, मुख्य शिक्षा अधिकारी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी जिला कार्यालय, जिला उद्यान अधिकारी,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद आदि संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का विधायक ने किया शुभारम्भ

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। ट्रांजिट फुटबॉल मैदान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी द्वितीय स्वर्गीय वीरेंद्र राय स्मृति मेमोरियल राज्य स्तरीय 9ए साइड आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट का विधायक शिव अरोरा ने शुभारम्भ किया। उदघाटन मैच में काशीपुर और रामनगर के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मैच को रोमांचक बना दिया। मैच के अंतिम क्षण में काशीपुर ने 4-0 से रामनगर को पराजित करते हुए मैच को अपने नाम किया और टूर्नामेंट के अगले पड़ाव में प्रवेश किया। इससे पूर्व ढोल नगाड़ो के साथ बड़े ही धूमधाम के बीच मैच के मुख्य अतिथि और विधायक शिव अरोरा का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उन्हें अपना आशीर्वाद देते हुए बेहतर खेल खेलने का आह्वान किया। कमेटी की ओर से ट्रांजिट कैम्प के फुटबॉल मैदान को मिनी स्टेडियम बनाने के लिए विधायक शिव का भव्य स्वागत और





अभिनंदन किया गया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने खिलाड़ियों और खेल प्रेमी जनता को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से मानसिक व शारीरिक विकास होता है और खेल का हमारे जीवन में बहुत ही महत्व है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन आने वाले भविष्य और खिलाड़ियों के लिए बेहद जरुरी है। जिससे खिलाड़ी अपने प्रदर्शन बेहतर करता है। उन्होंने कहा कि आज के बढ़ते दौड़ में युवा पीढ़ी को नशे के लत में डालकर कुछ लोग उनका भविष्य खराब करने का काम कर रहे हैं। हमें उन सभी से बचते हुए खेल और शिक्षा की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए। इतना ही नहीं इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों को बताते हुए भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों और उपलब्धियां को भी सभी के सामने रखा।इस दौरान सुमित राय,भाजपा के मण्डल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता,विजय डे, राधेश शर्मा, आदेश भारद्वाज ,बिट्टू चौहान, सोनू वर्मा, रोशन गुप्ता, विजय डे, सुजीत दास, राहुल सरकार, अखिलेश मंडल, अमित, आशीष सरकार,निमाई बोस,धीमान, रोहित अधिकारी आदि लोग मौजूद रहे।

## लोकसभा चुनाव के लिए मास्टर ट्रेनरों को दिया प्रशिक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के क्रम में तथा जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी उदयराज सिंह के निर्देशन में चन्दोला मेडिकल कॉलेज एवं होस्पिटल में जनपद स्तरीय (डीएलएमटी) तथा विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनरों (एलएमटी) का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। प्रशिक्षण कार्यशाला में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी ने कहा कि आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, त्रुटि रहित सम्पन्न कराने के उद्देश्य से दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया समयबद्ध प्रक्रिया है जिसमें किसी भी स्तर पर गलती की कोई भी गुंजाइश



नहीं है। उन्होंने सभी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण कार्यशाला में सिखाई जा रही सभी बारीकियों को आत्मसात करें तथा किसी भी प्रकार की आशंका हो तो राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनरों से उसका समाधान अवश्य करायें। पहले दिन राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनरों पंकज उपाध्याय, विवेक राय, विवेक प्रकाश, पारितोष वर्मा, गौरव पाण्डे, नरेश दुर्गापाल, जुबक मोहन सक्सेना, सौरभ अस्वाल द्वारा आदर्श आचार संहिता, मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति, पैड न्यूज, विज्ञापनों का प्री- सर्टिफिकेशन, नामांकन प्रक्रिया, उम्मीदवारों की पात्रता तथा अपात्रता, जिला मैनेजमेंट प्लान, निर्वाचक नामावली, ईवीएम तथा वीवीपेट के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 19 डीएलएमटी तथा 72 एएलएमटी द्वारा प्रशिक्षण लिया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, अभय प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जमील, जिला क्रीडा अधिकारी गिरीश कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल थे।

## लेखपाल के लिए चयनित अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन को समिति गठित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राजस्व परिषद से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि जनपद ऊधम सिंह नगर के लिए चयनित राजस्व उप निरीक्षकों (लेखपाल) के पद पर चयनित 56 अभ्यर्थियों के शैक्षणिक अभिलेखों एवं आवेदन पत्र के सत्यापन के लिए जनपद स्तरीय समिति का गठन करते हुए सत्यापन हेतु तिथियां भी निर्धारित कर दी गई हैं। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि अभिलेख सत्यापन हेतु अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं नजूल को अध्यक्ष तथा मुख्य शिक्षा अधिकारी व उप जिलाधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी कलैक्ट्रेट को समिति सदस्य बनाया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद ऊधम सिंह नगर हेतु चयनित सूची के क्रमांक 1 से 20 तक के अभ्यर्थियों को 11 सितम्बर 2023 को प्रातः 10 बजे, क्रमांक 21 से 40 तक हेतु 12 सितम्बर को प्रातः 10 बजे तथा क्रमांक 41 से 56 तक के चयनित अभ्यर्थियों को 13 सितम्बर को प्रातः 10 बजे अपने आवेदन पत्र में उल्लिखित मूल अभिलेख तथा मूल अभिलेखों की छायाप्रति सहित भूलेख अधिष्ठान, जिला कार्यालय ऊधम सिंह नगर में स्वयं अनिवार्यरूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## राज्यपाल ने दी 'शिक्षक दिवस' की बधाई

देहरादून( उद संवाददाता)।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने 'शिक्षक दिवस' के अवसर पर सभी शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। पूर्व राष्ट्रपति व भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करते हुए राज्यपाल ने कहा कि 'शिक्षक दिवस', हमें अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर देता है। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षक, देश एवं समाज के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे अपने विद्यार्थियों को अनुशासनप्रिय बनाते हैं एवं उनमें नैतिक मूल्यों के गुण रोपित कर उनकी प्रतिभा का विकास करते हैं, जिससे वे आदर्श नागरिक बनकर राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान कर सकें। उन्होंने शिक्षकों का आह्वान किया है कि वे युवा पीढ़ी में ईमानदारी, सत्य, न्याय, करूणा और कर्तव्यनिष्ठा जैसे आदर्श मूल्यों को आत्मसात कराएं।

## अजय भट्ट ने दी शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने शिक्षक दिवस के अवसर पर देश के सभी शिक्षकों को शुभकामनायें दी है। इस अवसर पर जारी अपने संदेश में पूर्व राष्ट्रपति, शिक्षाविद् एवं दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन करते हुए कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को शिक्षित कर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। गुरुजनों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान की महान भारतीय परम्परा को और अधिक मजबूत बनाने पर बल देते हुए श्री भट्ट ने कहा कि वही देश और समाज आगे बढ़ता है,जहां गुरुजनों का सम्मान होता है, शिक्षक विद्यार्थियों को संस्कारवान बनाकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

KOTIA ENTERPRISES
शुद्ध तेल खाओ, जीवन लम्बा बनाओ!
वीर कच्ची घानी
शुद्धता में सर्वोत्तम
100% Pure
होम डिलीवरी उपलब्ध
Ward No.16 Kichha Road, Bagwara Rudrapur (U.S.Nagar)
Veer Singh Virk
Managing Director
Mob.+919837146811,7500035083
Email:veersingh.bagwara@gmail.com
खल सरसों (लाही) गेहूं (कनक)/धान/मटर/सोयाबीन,उच्च मूल्य पर खरीदने बेचने के लिए संपर्क करें




## धूमधाम से मना व्यापार मण्डल जिला मंत्री राजकुमार सीकरी का जन्म दिन

रूद्रपुर। योग साधक एवं व्यापार मण्डल के जिला मंत्री राजकुमार सीकरी का जन्म दिन धूमधाम से मनाया गया। सिटी क्लब में अमर योग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राजकुमार सीकरी का जोरदार स्वागत किया गया और उन्हें पगड़ी पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सभी ने श्री सीकरी को जन्म दिन की बधाई दी और उनके दीर्घायु होने और उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान योग गुरू अशोक कालड़ा ने कहा कि राजकुमार सीकरी ने अपने मधुर व्यवहार और सामाजिक कार्यों से समाज में अलग पहचान बनायी है। धार्मिक कार्यों और सामाजिक कार्यों में राजकुमार सीकरी हमेशा आगे रहे हैं। साथ ही योग को भी आगे बढ़ाने में सीकरी अपना अहम योगदान दे रहे हैं। इस अवसर पर राजकुमार सीकरी ने सभी का आभार व्यक्त किया। जन्म दिन मनाने वालों में योग गुरू अशोक




कालड़ा के अलावा, अशोक अदलखा, गुलशन नारंग, नरेश घई, राजीव ग्रोवर, प्रदीप कालड़ा, जतिन नागपाल, श्रवण छाबड़ा, पवन गावा, हनी ग्रोवर, मनोज बठला, राजीव अनेजा, सुरेन्द्र मिड्डा, अजय फुटेला, हरीश बठला, विजय सूरी,बाबू ढींगड़ा, जुगनू, सुनील आनन्द ,विजय फुटेला,चंदन कटारिया, जगदीश ठुकराल, सुभाष दुनेजा, राजेश आनन्द आदि शामिल थे। (Advt.)

## चोरी की छह मोटरसाईकिलों सहित एक गिरफ्तार

गदरपुर (उद संवाददाता)। थाना पुलिस ने वाहन चोरी के विरूद्ध बडी कार्यवाही करते हुए चोरी की 6 मोटर साईकिलो के साथ एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार आनन्द शील पुत्र दुखी राम निवासी मकरन्दपुर थाना गदरपुर ने तहरीर देकर कहा िा कि 29 को महतोष बाजार से उसकी मोटरसाईकल स्पलैण्डर अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है, जिसके आधार पर थाना गदरपुर पुलिस ने मो0 साईकिल चोरी की घटनाओ के अनावरण के दृष्टिगत टीम का गठन किया।



टीम ने घटना स्थल के आसपास लगे सी.सी.टी.वी कैमरो का अवलोकन कर, सी.सी.टी.वी मे दिखाई दे रहे संदिग्धो की पहचान हेतु छानबीन शुरू की। रविवार को मुखबिर की सूचना पर सकैनिया मसीत रोड पर स्थित बर्फ फैक्ट्री के पास मसीत से सकैनिया की ओर आने जाने वाले वाहनो की चैकिंग करते समय एक मोटरसाईकल स्पलैण्डर सवार काफी तेज गति से सकैनिया की ओर से आता दिखाई दिया जिसे रुकने का ईशारा किया तो बाइक सवार तुरंत अपनी बाइक को मोड़कर पीछे की ओर भागने का प्रयास करने लगा तो उसी दौरान पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए इसे पकड लिया सख्ती से पूछताछ करने पर युवक ने अपना पता सोनू गोलदार पुत्र परिमल गोलगार निवासी वार्ड न0 08 प्लान्टेशन गांधीनगर थाना दिनेशपुर बताया। उक्त बाइक के बारे में पूछते हुए वाहन के कागजात तलब करने पर आनाकानी करते हुए इधर उधर की बाते करने लगा सख्ती से पूछने पर यह गाड़ी 29 अगस्त को महतोष बाजार से चोरी करना बताया। सख्ती से पूछने पर और मोटर साइकिल भी अलग- अलग जगहो से चोरी करना बताया जिनमें से चोरी की अन्य 05 बाइको को अब्दुल्ला नगर बार्डर के पास पुलिया के नीचे झाड़ियो के बीच में छुपाकर रखना बताया। अभियुक्त की निशानदेही पर 5 अन्य मोटरसाईकिलें बरामद की गयी। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में राजेश पाण्डेय थानाध्यक्ष, उपनिरीक्षक भूपेन्द्र सिंह रंसवाल , हेड कांस्टेबल कृष्ण कुमार,कांस्टेबल कैलाश मनराल, कांस्टेबल गोरख नाथ शामिल थे।

# मुख्य सूचना आयुक्त और राज्य आयुक्त ने राज्यपाल से की भेंट

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को राजभवन में मुख्य सूचना आयुक्त, उत्तराखण्ड अनिल चंद्र पुनेठा और राज्य सूचना आयुक्त विवेक शर्मा ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राज्य सूचना आयोग के



क्रियाकलापों एवं गतिविधियों की जानकारी राज्यपाल को दी। उन्होंने सूचना का अधिकार अधिनियम की उत्तराखण्ड में प्रगति, निपटाई गई अपीलों एवं लम्बित अपीलों आदि की जानकारी राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत की। उन्होंने अवगत कराया कि कोविड काल तथा उसके उपरान्त अपीलों/ शिकायतों के नोटिस जारी करने/ निस्तारण में लगभग डेढ़ से दो वर्ष का जो समय लग रहा था, आयोग के सतत प्रयासों से वह अब मात्र 4-6 माह का रह गया है। उन्होंने बताया कि जन सामान्य की सुविधा के दृष्टिगत आयोग द्वारा द्वितीय अपीलों/शिकायतों के नोटिस, आदेशों की प्रतियां तथा अन्य जानकारियों को एस.एम.एस. तथा ईमेल के माध्यम से प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया है। यह सुविधा निकट भविष्य में उपलब्ध कराये जाने हेतु आयोग द्वारा प्रयास प्रारंभ कर दिये गये हैं। मुख्य सूचना आयुक्त ने बताया कि अपीलों/शिकायतों की सुनवाई तथा उनके निस्तारण की संख्या के हिसाब से वर्ष 2022-23 में आयोग द्वारा अपने गठन से अब तक का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 4116 सुनवाई की गई तथा 3718 वादों का निस्तारण किया गया। माह जनवरी 2022 से माह जुलाई 2023 तक आयोग द्वारा कुल 8386 वादों की सुनवाई करते हुए कुल 5226 वादों का निस्तारण किया गया। राज्यपाल द्वारा आयोग के कार्यों तथा नये प्रयासों की प्रशंसा की गयी एवं आशा व्यक्त की गयी कि आयोग के प्रयासों से प्रदेश में सूचना का अधिकार अधिनियम का प्रभावी क्रियान्वयन होगा तथा आवेदनकर्ताओं को समय से वांछित सूचना की प्राप्ति हो सकेगी। राज्यपाल ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें जिससे लोग जागरूक हो सके। उन्होंने कहा जिन जिलों में लोग कम जागरूक हैं वहां जागरूकता के विशेष प्रयास हों। लोगों को समय से और सही सूचनाएं मिलें इसके लिए भरसक प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि आयोग को समय के साथ नई तकनीकी को अपनाने पर भी जोर दिया जाना चाहिए।






## सीडीओ ने ली उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की बैठक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की मुख्य उद्यान अधिकारी व समस्त उद्यान सचल दल केन्द्र प्रभारियों के साथ सहवर्गीय बैठक आहूत की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा औद्यानिकी क्षेत्रों की गतिविधियाँ यथा: पुष्प उत्पादन,



सब्जी उत्पादन, पॉलीहाउस निर्माण, मौनपालन, मशरुम उत्पादन, खाद्य प्रसंस्करण आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी ली गयी साथ ही समस्त उद्यान सचल दल केन्द्र प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्रान्तर्गत कृषकों की सफलता की कहानियॉ एवं औद्यानिकी क्षेत्रों की गतिविधियों की अद्यतन सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

## सत्संग और भक्ति दोनों को एक दूसरे की आवश्यकता

गदरपुर(उद संवाददाता)।श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार गदरपुर में सावन मास के उपलक्ष में चल रही कथा को सवा माह पूर्ण होने पर विश्राम देते हुए कथा वाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने बड़े ही सुंदर शब्दों में बताया कि सत्संग और भक्ति दोनों को एक दूसरे की आवश्यकता है, सत्संग करने वाला यदि परमात्मा का भजन नहीं करेगा तो उसका सत्संग निरर्थक है। कथा में पधारे व्यापार मंडल के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजकुमार भुड्डी जी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा का श्री सनातन धर्म सभा द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। प्रसाद की सेवा भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, भाजपा के वरिष्ठ नेता कपिल गण्डा , वरिष्ठ समाजसेवी तीरथ सीकरी, कृष्ण लाल सीकरी, अशोक कुमार सीकरी एवं राजकुमार सीकरी के परिवार द्वारा दी गयी। कथा के विश्राम पर सभा के अध्यक्ष वेदराज बजाज ने सभी श्रोताओं एवं प्रसाद की सेवा करने वालों का श्री सनातन धर्म सभा की ओर से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।








# डिजिटल टेक्नोलॉजी को अपनाना बेहद जरूरीः राज्यपाल

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) के समक्ष सोमवार को राजभवन में राज्यपाल के आईटी सलाहकार के. नारायणन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, आईटी एवं नवीन तकनीकों के राजभवन में उपयोग से संबंधित अपना प्रस्तुतिकरण दिया। बैठक में सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन और अपर सचिव स्वाति एस. भदौरिया भी उपस्थित रहीं। राज्यपाल ने कहा कि



वर्तमान में टेक्नोलॉजी को अपनाना बेहद जरूरी है और अपने दैनिक कार्यों में इसका प्रयोग किया जाना समय की मांग है। उन्होंने कहा की वर्तमान टेक्नोलॉजी की सदी में आम जनमानस को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल टेक्नोलॉजी का प्रयोग हर क्षेत्र में करने की आवश्यकता है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में टेक्नोलॉजी का उपयोग एक बेहतर विकल्प है। उन्होंने कहा कि प्रयास है कि राजभवन में ऑनलाइन माध्यम से व्यवस्थाओं को सुलभ बनाया जाए और फिर समूचे प्रदेश में टेक्नोलॉजी की सहायता से सकारात्मक परिवर्तन लाए जाए।

# कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य ने सौंपा नियुक्ति पत्र

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। कांग्रेस पार्टी ने युवा कांग्रेसी प्राण मंडल को नगर अध्यक्ष पद से नवाजा है। साथ ही संदीप सिंह एवं आकाशदीप सिंह को युवा कांग्रेस का विधानसभा उपाध्यक्ष, जसवीर सिंह एवं शंकर साना को विधानसभा सचिव तथा सागर मंडल को नगर अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य ने नवनियुक्त पदाधिकारीयो को नियुक्ति पत्र सौंपकर पार्टी को मजबूत करने का आह्वान



किया। नवनियुक्त कांग्रेस नगर अध्यक्ष प्राण मंडल ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि कांग्रेस ने जिस उम्मीद के साथ उन्हें नगर अध्यक्ष जैसे अहम जिम्मेदारी दी है उसे उम्मीद पर खरा उतरने का भर्षक प्रयास करेंगे। साथ ही पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का काम करेंगे। इस दौरान यूथ कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष सुमिंदर यादव, ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश रावत, भगवान पांडे, रिपुसूदन मंडल, सुकुमार चक्रवर्ती, महिला अध्यक्ष सरस्वती, नगर अध्यक्ष लक्ष्मी चौधरी सहित तमाम कांग्रेसी मौजूद थे।

# छात्रवृत्ति योजना के लिए हुआ ट्रायल

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। मुख्यमन्त्री खिलाड़ी प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना हेतु प्रथम चरण का विकास खण्ड स्तरीय ट्रायल राजकीय इण्टर कालेज शक्तिफार्म में प्रारम्भ हुआ। ट्रायल के प्रथम दिवस में 14 -17 और 21-23 वर्ष के बालकों का ट्रायल हुआ। जिसमें बैटरी टेस्ट 30 मी0 फ्लाइंग, वर्टिकल जम्प, मेडिसिन बाल थ्रो, 6गुणा10 मी०,शटल रन और 800 मी0 दौड़ किया गया। कूल 12 प्रकार खेलों में प्रति खेल दो बच्चों को चयन जनपद हेतु, किया गया जनपद स्तर खेल / स्पर्धा विशिष्ट कौशल परीक्षण का आयोजन कर अन्तिम चयन के उपरान्त 2000



प्रति माह छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। 14 से 23 वर्ष के खिलाड़ियों हेतु प्रत्येक जनपद से कुल 100 बालक व 100 बालिकाओं को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर बालमुकुन्द्र तिवारी, प्रधानाचार्य, ललित जोशी, बलवीर सिंह देवेन्द्र खालिया, त्रिलोचन जोशी, दिव्या गोस्वामी, अवधेश कुमार, रामजनम चौहान, सव्यसाची हालदार, जयदेव मजुमदार , निर्मल सरकार, ललित मेहरा प्रकाश बोरा, विशाल, श्रीमती दीपमाला, संजीव दास आदि उपस्थित रहे।

# राजकीय इंटर कालेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

गदरपुर(उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं वोटर चेतना महा अभियान के संयोजक नरेश हुडिया ने राजकीय इंटर कॉलेज गदरपुर में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि जिन बच्चों के 18 वर्ष पूर्ण हो गए हैं या 1 जनवरी 2024 तक पूर्ण हो रहे हैं उनको वोट बनाने के लिए



प्रेरित किया जाये। उन्होंने बच्चों को फॉर्म भरवा कर एवं ऑनलाइन लिंक देकर 1 जनवरी 2024 तक लोकतंत्र के महापर्व को एक मजबूत राष्ट्र बनाने हेतु वोट बनाने के लिए सभी को जागरूक किया। इस कार्यक्रम के दौरान राजकीय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य, समस्त शिक्षक गण, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, मंडी समिति अध्यक्ष सुभाष गुंबर, मंडल महामंत्री अनिल जेटली, मंडल कोषाध्यक्ष गुलशन शर्मा, प्रीतपाल सिंह ,सिंटू ग्रोवर आदि भी मोजूद थे।

# शिक्षकों को किया सम्मानित

किच्छा(उद संवाददाता)। शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर समाजसेवी संजीव सिंह द्वारा श्री कृष्णा मर्चेंट एसोसिएशन के साइंस के पूर्व अध्यापक पी डी तिवारी का उनके घर जाकर शाल ओढ़ा कर सम्मान किया। विज्ञान के रिटायर



शिक्षक पिछले काफी समय से अस्वस्थ चल रहे है।कांग्रेस के प्रदेश सचिव एवं समाज सेवी संजीव सिंह ने शिक्षक दिवस पर अपने गुरु को याद किया तो उनके आवास जा कर हाल चाल जाना तथा अपने गुरु को डायरी कलम भेंट की। इसके अलावा शिक्षक अंसारी को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर परवीन कुमार,सुशील तिवारी,संजय यादव,दीपक सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

# नगदी चोरी का आरोपी गिरफ्तार

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। गुरूद्वारे का ताला तोड़कर दस हजार की नगदी चोरी के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के पैसों से खरीदा गया मोबाइल बरामद किया है। जानकीर के अनुसार केआरसी रानीखेत स्थित गुरुद्वारे का ताले तोड़कर दान पात्र से 10,000 रुपए चोरी होने के सम्बन्ध में कोतवाली रानीखेत में तहरीर दी गयी थी। जिस पर मामले में मुकदमा पंजीकृत किया गया। एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही कई लोगों से पूछताछ की। जिसके बाद मामले में



पंकज जीना पुत्र कुंदन सिंह जीना निवासी उरौली, पो. भैसोली रानीखेत को अशोक द्वार रानीखेत से गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से चोरी की धनराशि से खरीदा गया एक मोबाईल और 320 रुपये, एक कृपाण व ताला तोड़ने में प्रयुक्त 1 लोहे छैनी बरामद की गयी। पूछताछ में आरोपी ने गुरुद्वारे में दानपात्र का ताला तोड़कर लगभग 9500 रुपए चोरी करने की बात कबूल की। पुलिस टीम में उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह नेगी, हेड कांस्टेबल जीवन भंडारी, कांस्टेबल कमल गोस्वामी आदि शामिल थे।

# जी-20 सम्मेलन के चलते दिल्ली जाने वाली 12 ट्रेनें कैंसिल

देहरादून(उद संवाददाता)। नौ और 10 सितंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाले जी-20 सम्मेलन के चलते रेलवे ने हरिद्वार से दिल्ली के बीच संचालित होने वाली 12 ट्रेनों को रद्द कर दिया है। इसकी वजह से यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। रेलवे की ओर से ट्रेन रद्द होने की जानकारी मैसेज के माध्यम से यात्रियों को दी जा रही है।दिल्ली में जी-20 सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में दिल्ली में 20 से अधिक देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। इसे देखते हुए दिल्ली जाने वाली कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। रेलवे ने 14315 बरेली से नई दिल्ली, 14316 नई दिल्ली से बरेली, 14323 नई दिल्ली से रोहतक इंटरसिटी एक्सप्रेस आठ, नौ व दस सितंबर तक रद्द की है।14305 दिल्ली से हरिद्वार व 14306 हरिद्वार से दिल्ली स्पेशल पैसेंजर ट्रेन का संचालन नौ व दस सितंबर और 4432 जाखल से दिल्ली स्पेशल व 4424 जींद से दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन 10 सितंबर को रद्द रहेगी।इसके अलावा 14737 भिवानी से दिल्ली, 14738 दिल्ली से भिवानी, 4090 हिसार से नई दिल्ली, 4089 नई दिल्ली से हिसार, 14732 बठिंडा से पुरानी दिल्ली किसान एक्सप्रेस, 4453 नई दिल्ली से जींद, 4454 जींद से नई दिल्ली की स्पेशल मेमो ट्रेन नौ व 10 सितंबर तक रद्द रहेंगी। ऐसे में ट्रेनों के रद्द होने से यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। रेलवे द्वारा मैसेज के जरिए इसकी सूचना दी जा रही है। उधर, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक उत्तर रेलवे मुरादाबाद सुधीर सिंह ने बताया कि ट्रेनों के रद्द होने की बाबत यात्रियों को मैसेज भेजकर जानकारी दी गई है। जिन यात्रियों ने आरक्षण कराया है। वह अपना पैसा वापस ले सकते हैं।

# युवती के आपत्तिजनक फोटो वायरल करने का आरोपी गिरफ्तार

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। युवती के आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले अभियुक्त को चौखुटिया पुलिस ने मुजफ्फरनगरउत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मोहित कुमार के विरुद्ध थाना चौखुटिया में धारा 506 भादवि व 66/67 ए आईटी एक्ट के अन्तर्गत एफआईआर पंजीकृत की गयी थी। अभियुक्त द्वारा एफआईआर पंजीकृत होने के उपरांत भी युवती के फोटो वायरल किये जा रहे थे। एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु के निर्देश पर गठित पुलिस टीम द्वारा ठोस सुरागरसी- पतारसी करते हुए सूचना संकलन से अभियुक्त मोहित कुमार पुत्र हरी राम,



निवासी ग्राम उमरपुर लिसौड़ा, थाना खतौनी, जिला मुजफ्फरनगर को कस्बा खतौनी, जिला मुजफ्फरनगर, उप्रदेश से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक बृजमोहन भट्ट प्रभारी चौकी मासीथाना, कानि0 संदीप कुमार आदि शामिल थे।

# खाईबाड़ी करता एक गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस गश्त के दौरान पुलिय ने एक सट्टेबाज को खाईबाड़ी करते सट्टा पर्ची व हजारों की नगदी सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार एसआई अशोक काण्डपाल साथी पुलिस कर्मियों का. ललित मोहन के साथ गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिलने वह चीमा हास्पीटल के पास एक चाय की दुकान के नजदीक पहुंचे जहां लोगों की भीड़ लगी दिखाई दी। एक व्यक्ति जो सट्टा खिला रहा था पुलिस को देखकर भागने लगा। जिस पर पुलिस ने पीछा कर कुछ दूरी पर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता विरेन्द्र गंगवार पुत्र स्व. बालक राम निवासी भदईपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से सट्टा पर्ची, पेन व कुल 1600 रूपये नगद बरामद हुए। पुलिस ने बरामद सामान कब्जे में लेकर आवश्यक पूछताछ करने के बाद सट्टेबाज वीरेन्द्र गंगवार के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

## पेज एक का शेष...

**उपचुनाव के लिये शांतिपूर्ण ....**रूम का निरीक्षण किया। साथ ही मतदान से संबंधी जानकारी ली। कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार ने मंडलसेरा बूथ पर अपनी पत्नी रितु बसंत के साथ मतदान किया। वहीं, भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास ने भी सैनिक कल्याण कार्यालय स्थित बूथ पर वोट डाला। उपचुनाव में मतदान के लिए विधानसभा क्षेत्र को तीन जोन, 28 सेक्टर में बांटा गया है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। दोपहर तक 172 मतदान केंद्र और 188 मतदेय स्थलों पर मतदान शांतिपूर्वक चल जारी था। शुरुआती दो घंटे में 10 प्रतिशत मतदान हुआ। दोपहर तक 38 प्रतिशत से अधिक मतदान हो चुका था। बता दें भाजपा से स्वर्गीय चंदन राम दास की पत्नी पार्वती दास, कांग्रेस से बसंत कुमार, समाजवादी पार्टी से भगवती प्रसाद, उत्तराखंड क्रांति दल से अर्जन कुमार देव और उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी से भगवत कोहली चुनाव मैदान में हैं। मुख्य मुकाबला भाजपा कांग्रेस के बीच माना जा रहा है। कांग्रेस की रणनीति से सत्तारूढ़ दल भाजपा को वाकओवर मिलने की संभावनाओं को विफल कर दिया है।

**विधानसभा सत्र शुरू....**को 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण समेत अन्य विधेयक, वित्त विभाग की वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट, लेखा प्रत्यावेदन रिपोर्ट को सदन में पेश किया जाएगा। कल प्रश्न काल होगा। सात सितंबर को जन्माष्टमी पर सार्वजनिक अवकाश है। आठ सितंबर को चर्चा के बाद अनुपूरक बजट पारित किया जाएगा।

**फैक्ट्री स्वामी के भाई...** युवाओं ने कोतवाली पहुंचकर इलियास की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने हर हर महादेव, जय श्री राम के नारे भी लगाये। पुलिस ने मामले में जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है। नारे बाजी करने वालों में विनीत,अनमोल,किशोर मौर्य,दीपक ,शिव अरोरा,प्रदीप कश्यप,सुनील रस्तोगी,अभिनव शर्मा,कपिल पाल,आरुष, राहुल,विनय, विकास पाल आदि शामिल थे।

**लूट के इरादे से ...**घर से बिना बताए 2 दिन पहले मसूरी आए थे और मसूरी के गांधी चौक पर सरताज होटल में रुके थे। उन्होंने बताया कि सोमवार की देर शाम को खाना खाने के बाद उन्होंने अपना फोन स्विच ऑफ करके होटल के कमरे में रख दिया और घूमने के लिए निकल गए। गांधी चौक से लाइब्रेरी बस स्टैंड से थोड़ा नीचे पहुंचे पर सड़क पर काफी अंधेरा होने के बाद वह वापस होटल लौटने लगे कि तभी पीछे से कुछ अज्ञात लोगों ने उनको पकड़ा और उनकी जेब से पैसों को निकालने की कोशिश की गई परंतु जब उन्होंने रोकने की कोशिश की तो उन्होंने चाकू से पहले उनके हाथ पर वार किया और फिर गले में दो बार वार किया, जिससे वो गंभीर घायल हो गए। उन्होंने बताया कि वह दिल्ली में सीएनजी पेट्रोल पंप में मैनेजर का काम करते हैं और मसूरी घूमने के लिए आए थे। मसूरी कोतवाल शंकर सिंह बिष्ट ने कहा कि पूरे मामले की जांच करने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा फिलहाल घायल व्यक्ति को देहरादून हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। घायल व्यक्ति के एक हाथ में धारदार हथियार से गहरा काटा गया है वहीं गले में भी दो बार काटा गया है जिससे गला काफी कट गया है।

**ठुकराल समर्थक सहित ...**राजकुमार ठुकराल का प्रतिनीधि बताता है। वह स्मैक बेचने वालो व सट्टा खेलने वालो से हफ्ता लेकर इनकी मदद करता है। विरोध करने पर आये दिन लोगो को जेल भिजवाने की धमकी देता है। कहता है वह पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल का प्रतिनिधि है उसकी चौकी एंव थाने में काफी पकड़ है, उसका कोई कुछ नही बिगाड़ सकता है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**क्रिकेट मैच...**स्थित चाय की दुकान के नजदीक पहुंचे। जहां एक व्यक्ति बोलता मिला जितना लगाओंगे उसका दुगना ले जाओंगे । पुलिस ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया । पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता जितेन्द्र कुमार पुत्र धनी राम निवासी बगवाडा भट्टा बताया । तलाशी लेने पर उसके पास से सट्टा पर्ची, पेन डायरी तथा कुल 1000 रूपए बरामद हुए। उसका कहना था यहां पर चाय की दुकान चलाता है तथा कभी कभार सट्टा भी खिला लेता है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

**खुद को रिश्तेदार...**वरिन्दर सिंह को फोन किया तब उसने बताया फोन नहीं किया न ही उसे धनराशि की आवश्यकता है तब उसे विश्वास हो गया कि उसके साथ ठगी हो चुकी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# किच्छा में धूमधाम से निकली जन्माष्टमी की शोभा यात्रा

किच्छा(उद संवाददाता)। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सनातन धर्म सभा द्वारा नगर में विशाल शोभा यात्रा निकाली गई तथा भगवान कृष्ण के द्वारा चंद्रमा पर चंद्रयान की सफल लैंडिंग की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। यात्रा का प्रारंभ पुरानी गल्ला मंडी स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर से प्रारंभ किया गया जो जाने माने समाज सेवक व सनातन धर्म सभा के वरिष्ठ कार्य करता सुभाष तनेजा ने अपनी बुलंद आवाज से किया। इस अवसर पर झांकियां में राष्ट्रीय ध्वज का गया शोभा यात्रा के कारण नगर में सभी भक्ति में दुबे नजर आए। शोभा यात्रा का आकर्षण जहां विभिन्न झांकियां रही वहीं तमाम राजनीतिक दलों सामाजिक भक्ति में डूबे नजर आए। शोभा यात्रा में मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोहली,सनातन धर्म सभा अध्यक्ष सुदेश कक्कड़, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौध ,अशोक मित्र ,राजेश प्रताप सिंह, ओमप्रकाश पप्पू , व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला, श्रीकांत राठौर, कुंदन लाल खुराना, हरिश्चंद्र पंत, महेंद्र





जीवन पर आधारित खूबसूरत झांकियां के अलावा विभिन्न झांकियां भी शोभा यात्रा में सम्मिलित रही। शोभायात्रा में जहां श्री कृष्ण की झांकियां अपनी मनोरम छटा दिखा रही थी वही भारत के वैज्ञानिकों कि महाराणा चौक मुख्य मार्ग होते हुए डी डी चौक से लेकर दरउ चौक से पुन: लौटकर वापस श्री राधा कृष्ण मंदिर पहुंची। जहां पर शोभा यात्रा का समापन किया गया। शोभा यात्रा का सुंदर संचालन प्रदर्शन भी किया गया। नगर में शोभा यात्रा का नगर में व्यापारियों द्वारा जगह-जगह पर स्वागत किया गया तथा शोभायात्रा में शामिल भक्तों को जगह-जगह पर प्रसाद वितरण किया संगठनों का भी एक सूत्र में बंधा हुआ दिखाई दिया जहां भाजपा कांग्रेस बजरंग दल शिवसेना तथा अन्य राजनीतिक और सामाजिक दल के कार्यकर्ता शोभायात्रा की अगवाई कर रहे थे वही सभी कृष्ण री, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना, के अलावा नितिन शर्मा, नितिन चरण मैसी, हरीश पनेरु, धर्मराज जायसवाल, जगरूप सिंह गोल्डी, सुनीता कश्यप, धर्मेंद्र सिंधी, संजीव सिंह पाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजकुमार बजाज, राजू भाई, गुलशन सिद्धि, पूरन भट्ट ,दिनेश भाटिया, राजीव सक्सेना, सचिन चावला ,राजीव अग्रवाल, सहित सैकड़ो लोग शोभायात्रा में शामिल थे।

# सनातन धर्म के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ प्रदर्शन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पुत्र उदय गिरी द्वारा श्री सनातन धर्म के प्रति की गई आपत्ति नारायण मंदिर के मुख्य द्वार पर जोरदार प्रदर्शन कर विरोध प्रकट किया गया। श्री सनातन धर्म सभा अध्यक्ष महेश बब्बर ने उन्हें स्वयं कदम उठाकर कड़ी से कड़ी दंडात्मक कार्रवाई करनी चाहिए। जो कि एक उदाहरण के रूप में प्रस्तुत हो सके।



उनकी चुप्पी के कारण सनातन धर्मी जनों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने प्रध ानमंत्री एवं गृहमंत्री से अनुरोध किया कि इस धर्म विरोधी कार्य करने वाले के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाये। प्रदर्शन करने वालों में हरिचन्द मिड्ढा, नन्दलाल भुड्डी, विजय जग्गा, विजय विरमानी, यशपाल घई, राकेश जनक टिप्पणी के विरोध में गत दिवस श्री सनातन धर्म सभा के बैनर तले श्री सनातन धर्मालम्बियों एवं भक्तों द्वारा श्री लक्ष्मी कहा कि मुख्यमंत्री तमिलनाडु में एक संवैधानिक पर पर आसीन हैं। उनके पुत्र द्वारा इस प्रकार के धर्म विरोधी कार्य पर सुखीजा, राकेश राजदेव, अमित अरोरा, ओमप्रकाश अरोरा , संदीप धीर, सुरेश राजदेव, अजय ठुकराल आदि शामिल थे।

# लूट के मामले में दो किशोरों सहित तीन पकड़े

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मंडी क्षेत्र में लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो किशोरों सहित तीन को पुलिस ने चौकिंग के दौरान हजारों की नगदी व मोबाईल के साथ पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार संतोष बेलवाल पुत्र पूरन चंद्र निवासी धारी नैनीताल ने रपट दर्ज कराई थी कि 27 अगस्त की रात्रि तीन लोगों द्वारा उससे तथा उसके पिकप वहां ड्राइवर के साथ मारपीट कर दो फोन व 3000 रुपए लूटकर जान से मारने की धमकी देते भाग गए। हरेंद्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित टीम द्वारा घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों को बारीकी से चेक किए गए। पुलिस टीम द्वारा तीन-पानी



गौला बायपास रोड पर चौकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पट आवला गेट से तीन पानी रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुंचे। जहां मौजूद तीन लोग पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। जिन्हें पुलिस टीम पीछा कर पकड़ लिया गया।एक व्यक्ति ने अपना नाम फरमान अली उर्फ मोंटी पुत्र वाहिद अली बताया तथा अन्य 2 नाबालिकों से पूछताछ की तीन ने एक स्वर में बताया कि उनके द्वारा ही मंडी बाईपास में पिकअप ड्राइवर सहित अन्य तीन लोगों से लूट की घटना को अंजाम दिया गया था।तथा उनके लुटे हुए मोबाइलों को बेचने जा रहे थे। पुलिस टीम में प्रभारी चौकी मंडी गुलाब सिंह कांबोज, हेड कांस्टेबल इसरार नवी, कांस्टेबल अरुण राठौर, ललित मेहरा, फिरोज शामिल थे।

